an>

Title: Need to undertake delimitation of Lok Sabha Constituencies and Assembly segments in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) ः पूरे देश में लोक सभा एवं विधान सभा के परिसीमन हुए लेकिन झारखण्ड राज्य में परिसीमन नहीं हुआ। वर्तमान समय में एक लोक सभा का क्षेत्र तीन-तीन जिलों में बंटा हुआ है। इसी तरह विधान सभा का भाग भी दो-तीन जिलो में फैला हुआ है। इससे विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। मैं यहां स्पष्ट करना चाहूंगा कि वर्तमान में जिस वर्ग के लिए जो सीट आरक्षित है, उन्हें यथावत रखा जाए ताकि किसी विशेष वर्ग को यह न लगे कि परिसीमन से उनको हानि हो रही है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि झारखंड राज्य में परिसीमन करवाने की कृपा की जाए ताकि जो वर्तमान में असुविधा हो रही है उससे छुटकारा मिल सके।